# स्नातकोत्तर हिंदी विभाग

श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय विंझोल, गोधरा

## प्रवेश प्रारंभ





**Prof. Pratapsinh Chauhan**
**Vice Chancellor, Shri Govind Guru University.**



**Dr. Anil Solanki**
**Registrar, Shri Govind Guru University.**

## विभाग के बारे में

शिक्षा को स्वतंत्र प्रयास के माध्यम से विचारों को प्राप्त करने की शक्ति विकसित कर क्षमता बढ़ाने के लिए श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है, जहाँ ग्रामीण छात्र-छात्राओं की वास्तविक जीवन की स्थितियों, परिस्थितियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय साहित्य एवं सृजन के क्षेत्र में विद्वानों और छात्रों की दक्षता और प्रवृत्तता को बढ़ाना है। विभाग बहु-विषयक विधाओं के द्वारा एक रचनात्मक वातावरण और सीखने के माहौल की परिकल्पना करता है। इसका उद्देश्य छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने की अंतर्निहित इच्छा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। राष्ट्रभाषा के माध्यम से रचनात्मक लेखन और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाता है।

भाषा और साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों और इसके व्यावहारिक और कार्यात्मक पहलुओं जैसे अनुवाद, मीडिया, तुलनात्मक अध्ययन, भाषा प्रौद्योगिकी, विभिन्न समकालीन प्रवचन आदि में गहन अध्ययन और शोध की सुविधाएँ प्रदान करता है। हिंदी विभाग का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मॉडल पाठ्यक्रम पर आधारित है और अकादमिक निकायों की उचित स्वीकृति के साथ विशेषज्ञों के परामर्श से समय-समय पर अद्यतन किया जाता है। विभाग के संकाय सदस्योंने समकालीन प्रासंगिकता और उभरते क्षेत्रों पर पाठ्यक्रम तैयार किए हैं। पाठ्यक्रम विविधताओं से परिपूर्ण हैं। पाठ्यक्रम में विशेषतः आदानप्रदान ज्ञान परंपरा पर आधारित विषय हैं और इसका उद्देश्य छात्रों के करियर विकास के लिए उनके कौशल का पोषण करना है। विभाग भारतीय भाषाओं में कंप्यूटर के क्षेत्र में भाषा, सीखने और मूल्यांकन प्रक्रिया में नवीन प्रयोगों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आई.सी.टी. एकीकृत शिक्षण, सेमिनार, इंटरैक्टिव कक्षाएँ, समूह चर्चा, आत्मिक और बाह्य मूल्यांकन प्रथाएँ शिक्षण और सीखने को समृद्ध कर रही हैं। हिंदी विभाग छात्रों के विकास करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो परिसर के छात्रों को खुले ऑनलाइन-शिक्षण, डॉक्युमेंट्री फिल्म और मिश्रित शिक्षण अनुभव का अवसर प्रदान करता है।

## प्रस्तावित कार्यक्रम

### हिंदी में स्नातकोत्तर

दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम साहित्य, भाषा और शोध में छात्रों की रुचि को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ तैयार किया गया है। प्रस्तुत कार्यक्रम में हिंदी साहित्य का इतिहास, साहितिक सिद्धांत और आलोचना, हिंदी भाषा शिक्षण, तुलनात्मक साहित्य, भाषा विज्ञान का अध्ययन, फिल्मों के द्वारा अध्ययन, शोध परियोजना, अनुवाद अध्ययन, भारतीय लेखन और महिला लेखन जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को विशिष्ट अवसर प्रदान करता है।

पात्रता:
जिन छात्रों ने किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ हिंदी में स्नातक की डिग्री पूरी की है, वे इस कार्यक्रम के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### हिंदी में पीएच.डी.

पीएच.डी कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि तीन वर्ष होती है, जिसमें पाठ्यक्रम भी शामिल है, और कार्यक्रम में प्रवेश के लिए से अधिकतम अवधि छः (6) वर्ष होती है।

योग्यता: यूजीसी नेट/जी.सेट;/पी.ई.टी ।



## प्रमुख विशेषताएँ

- साहित्यिक विषय: भाषा विज्ञान, सांस्कृतिक अध्ययन, अनुवाद और निबंध एवं चित्र प्रतियोगिता आदि।
- योग्य और विशेषज्ञ संकाय सदस्य।
- शोध के अवसर: शोध पहलों और अकादमिक लेखन कार्यशालाएँ।
- गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग।
- अनुभवात्मक शिक्षा: अध्ययन दौरे, इंटर्नशिप, सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम।
- पेशेवर विकास: रचनात्मक लेखन, शोध पत्र लेखन, अनुवाद, सार्वजनिक भाषण, आलोचनात्मक सोच, पत्रकारिता, नाटक पर कार्यशालाएँ स्कील डेवलपमेंट आदि।
- अत्याधुनिक संरचना: इनडोर और आउटडोर खेल परिसर; उत्कृष्ट कंप्यूटर लैब, डिजिटल संसाधनों से सुसज्जित पुस्तकालय, कैंटीन, ऑडिटोरियम, सम्मेलन कक्ष।
- जीवंत सह-पाठ्यचर्चा वातावरण: छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए छात्र प्रतिनिधि परिषद, साहित्यिक और खेल प्रतियोगिताएँ।



## रोज़गार के विकल्प

- हिंदी पढ़कर अनेक प्रकार की नौकरियाँ मिल सकती हैं, विशेषकर यदि आपने हिंदी साहित्य, भाषा या पत्रकारिता जैसे विषयों में डिग्री प्राप्त की है। नीचे कुछ प्रमुख क्षेत्रों और नौकरियों की सूची दी गई है:

- <u>शिक्षा क्षेत्र:</u>

  हिंदी शिक्षक/प्रोफेसर (स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों में) ट्यूटर या कोचिंग इंस्टीट्यूट में शिक्षक हिंदी भाषा ट्रेनर। (भारत या विदेश में)

- <u>लेखन और साहित्य क्षेत्र:</u>

  लेखक / साहित्यकार / कवि कंटेंट राइटर / क्रिएटिव राइटर ब्लॉगर / स्क्रिप्ट राइटर / कहानीकार भाषा संपादक। (Editor)

- <u>मीडिया और पत्रकारिता:</u>

  पत्रकार / रिपोर्टर न्यूज़ एंकर / रेडियो जॉकी हिंदी प्रूफरीडर / अनुवादक टीवी या रेडियो स्क्रिप्ट लेखक।

- <u>प्रशासनिक सेवाएँ:</u>

  UPSC, SSC, राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षाओं में हिंदी माध्यम से तैयारी करके प्रशासनिक सेवाओं में जा सकते हैं। हिंदी अधिकारी / अनुवाद अधिकारी (सरकारी विभागों में)।

# रोज़गार के विकल्प

- <u>अनुवाद और ट्रांसक्रिप्शन:</u>

  अनुवादक (Translator); हिंदी से अंग्रेज़ी या अन्य भाषाओं में सबटाइटलिंग / ट्रांसक्रिप्शन का काम।

- <u>प्रकाशन और प्रिंट मीडिया:</u>

  प्रूफरीडर बुक पब्लिशिंग / एडिटिंग हिंदी पत्रिका / समाचार पत्र में लेखन कार्य।

- <u>सरकारी विभागों में विशेष पद:</u>

  राजभाषा विभाग में हिंदी अधिकारी PSU (जैसे BHEL, ONGC, etc.) में हिंदी सहायक या अनुवादक।

- <u>फ्रीलांसिंग:</u>

  कंटेंट राइटिंग, ब्लॉगिंग, यूट्यूब चैनल, ऑनलाइन ट्यूटरिंग जैसे विकल्पों में भी हिंदी में करियर बन सकता है।

# क्रियाकलाप

## शिक्षक दिवस



## शैक्षणिक प्रवास



## विशेष दिवस



## प्रतियोगिताएं



# राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजन 2024-25

हिंदी विभाग में केन्द्रीय हिंदी संस्थान,आगरा, अहमदाबाद केन्द्र (शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा मनाया गया जिसमें विभाग के छात्रों ने भाषण प्रतियोगितामें सहभागी रहकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। श्री गोविंद गुरू जन्म जयंती एवं बिरसामुंडा जयंती पर छात्रोंने वक्तृत्व स्पर्धा, निबंध स्पर्धा में सहभागीता दर्ज की, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग एवं गुजरात साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी "हिंदी साहित्य में संस्कृति चिंतन" विषय पर इतिहास, भारतीय सांस्कृतिक विरासत एवं सिद्धांतों और रूपों पर विशेषज्ञ छात्रों को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की, कविता पाठ, लेख समीक्षा में संबद्ध कॉलेजों के स्नातक-स्नातकोत्तर के अध्यापकों समेंत कई बौद्धिक जुड़ाव और रचनात्मक अन्वेषण के लिए एक छात्रों के साथ संवाद किया जाता है। डोक्युमेंट्री फिल्म, कविता लेखन, लघु कथा लेखन और साहित्यिक प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं, खेल मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिसके दौरान छात्रों ने इस तरह की मनोरंजक गतिविधियों में अपना समय बिताया।









# विभागीय गतिविधियों में उपलब्धियां

## राष्ट्रीय संगोष्ठी







## हिंदी दिवस







## भाषण प्रतियोगिताएं



## चित्र प्रतियोगिताएं



# विभाग के प्राध्यापक



**Dr. Ishwar H Ahir**
**Assistant Professor**
**I/C Head, Department of Hindi**



**Dr. Rajesh Rathva**
**Temporary Assistant Professor**



**Mr. Sagar Desale**
**Temporary Assistant Professor**

# विभाग तक कैसे पहुचे

SHRI GOVIND GURU UNIVERSITY

शुल्क संरचना

सेमेस्टर प्रथण : 2940/-
सेमेस्टर द्वितीय : 2415/-
सेमेस्टर तृतीय : 2415/-
सेमेस्टर चतुर्थ : 2415/-

**For University Website Click here**

**For University Location Click here**

**For Admission (GCAS) Click here**



अधिक जानकारी के लिए हमारे व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े



दूरभाष: डॉ. ईश्वर आहीर - 9824326364, डॉ. राजेश राठवा-9016433647, सागर देसले - 7984652074